दिन– गुरूवार

दिनांक– 19 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ग्रामीण विकास विभाग के तहत राज्य के पांच हजार छह सौ इकहत्तर ग्राम पंचायतों में साढ़े छह हजार से अधिक खेल मैदानों के निर्माण कार्य का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभागीय मंत्री श्रवण कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग के तहत हमारा बिहार, हमारी सड़क मोबाईल ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप के माध्यम से नागरिक ग्रामीण सड़कों से जुड़ी अपनी शिकायत को सीधे विभाग तक पहुंचा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आज परिवहन विभाग की तैंतालीस डिलक्स बसों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों के माध्यम से राज्य के विभिन्न भागों में सस्ती, सुलभ, सुगम और सुरक्षित परिवहन सेवा लोगों को मिल सकेगी।

———————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट शुरू हो गया है। उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देश–विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों का स्वागत करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें राज्य में निवेश के बड़े अवसर और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का विश्वास जताया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में आर्थिक संरचना के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है और इस दिशा में सहयोग के लिए उद्यमियों और निवेशकों का खुले दिल से स्वागत है। उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि राज्य सरकार की सिंगल वींडों क्लीयरेंस प्रणाली और इज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति में बड़े सुधार किये गये हैं, जिससे उद्योगपतियों को विशेष लाभ मिल रहा है।

———————————————

पटना के दानापुर स्थित न्यू के.एल.पी. मैदान और चांदमारी मैदान में कल बीस दिसम्बर से सत्ताईस दिसम्बर तक भारतीय सेना में अग्नीवीरों की भर्ती के लिए रैली

का आयोजन किया जाएगा। भर्ती रैली की तैयारियां अंतिम चरण में है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर किये जा रहे उपायों का निरीक्षण किया।

—————————————————————

नेपाल से सटे राज्य के सीमाई क्षेत्रों में आज सुबह सात बजकर बाईस मिनट पर भूंकप के हल्के झटके महसूस किये गए। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल के चेमा में था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार दशमलव एक मापी गई है।

—————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान ठंड में बढ़ोतरी दर्ज किये जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने अपने रिपोर्ट में बताया कि पूरबा हवा का प्रभाव कम होने के कारण अगले दो दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान गया, औरंगाबाद और भभुआ समेत राज्य के दक्षिणी भागों में शीत लहर की स्थिति बनने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में पूरबा हवा के प्रभाव से तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी। रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

—————————————————————

पटना एम्स के गार्ड पर गोली चलाने के मामले में फरार अभियुक्त पिंकु यादव ने आज न्यायालय में सरेंडर कर दिया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पिंकु यादव राजद विधायक रीतलाल यादव का भाई है।

—————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर–भैरोगंज मुख्य मार्ग पर मोतीपुर पुल के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा कुहासे के कारण हुआ है। इधर, पटना के गर्दनीबाग में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाईकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।